अध्याय 14

# भार

**अधिगम बिन्दु**

● भार तौलने की जरूरत, तराजू से परिचय। ● 1 किग्रा से परिचय, वजन की तुलना के सरल तरीके। ● एक पाव, आधा किग्रा, 200 ग्राम, 1 किग्रा का पाँचवा भाग।

## 14.1 भार तौलने से परिचय

मेले में से राहुल प्लास्टिक का बल्ला लाया। रमेश भी लकड़ी का बल्ला खरीद कर लाया।

दोनों बल्लों को हाथ में लेने पर महसूस हुआ कि राहुल का प्लास्टिक का बल्ला हल्का और रमेश का लकड़ी का बल्ला भारी है।

तभी सुमन बोली मेरे पापा भी प्लास्टिक की बाल्टी लाए हैं जो पुरानी लोहे की बाल्टी से हल्की महसूस होती है।

तभी राहुल बोला इसका मतलब प्लास्टिक की बनी वस्तुएँ हल्की है।

इसी प्रकार क्या हम सभी वस्तुओं के भार का अनुमान लगा सकते हैं।

**आओ विचार करें** – गणित की किताब और सामाजिक की किताब के वज़न का अनुमान लगाना कठिन है।

इन वस्तुओं के सही वज़न जानने के लिए हमें इन वस्तुओं को तोलने की जरूरत होगी। पिछली कक्षा में हमने तराजू से दो अलग–अलग वजन की वस्तुएँ रखकर पता लगाया था कि कौनसी वस्तु हल्की है कौनसी भारी है।

चित्र देखकर बताईये कि कौन–कौन सी वस्तुओं का वजन समान है।




दुकानदार वस्तुएँ बेचते समय बाट का उपयोग करते हैं।




तौल बराबर करने के लिए तुम क्या करोगे ? चर्चा करते हैं।


एक किग्रा के बाट से तोलते हैं।




हम दो किग्रा का बाट रखते हैं।



अरे! दो किग्रा का बाट तो ज्यादा हो गया।
अब हमें केलों की संख्या बढ़ानी पड़ेगी।










इन बाटों की सहायता से हल्की वस्तुओं को तोल सकते हैं। भारी वस्तुओं को तौलने के लिए क्विंटल का उपयोग करते हैं। क्विंटल के तौल के बारे में आगे की कक्षाओं में पढ़ेंगे।

अनुमान लगाकर तौल और वस्तुओ का मिलान कीजिए।


| वस्तु | तौल |
|---|---|
|   | 2 किलोग्राम |
|   | 4 किलोग्राम |
|  | 500 ग्राम |
|   | 100 किलोग्राम |
|   | 10 किलोग्राम |

आओ देंखें –




1 पाव किग्रा  1 पाव किग्रा  1 पाव किग्रा  1 पाव किग्रा


**एक पाव किग्रा = 250 ग्राम**




**आधा किग्रा  आधा किग्रा**

**आधा किलो ग्राम = 500 ग्राम**


**सवा किलो =**




**= एक किग्रा + पाव किग्रा**

**डेढ़ किलो =**

**= एक किग्रा + आधा किग्रा**




पाँचवा हिस्सा अर्थात 200 ग्राम = 1 किग्रा का पाँचवा हिस्सा

## प्रश्नावली 14

**प्रश्न 1.** नीचे दी गई वस्तु में कौनसी वस्तु भारी है ?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (I) | पेन | , | पुस्तक | |
| (II) | टेबल | , | स्टूल | |
| (III) | घडी | , | घड़ा | |
| (IV) | 225 ग्राम | , | 300ग्राम | |
| (V) | 2 किग्रा | , | 5 किग्रा | |

**प्रश्न 2.** बराबर तोल करने के लिए दिए गए बाक्स में बाट लिखिए

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (I) | 350 ग्राम | + | | = | 450 ग्राम |
| (II) | 3 किग्रा | = | | + | 2 किग्रा |
| (III) | 2 किग्रा 500 गाम | + | | = | 3 किग्रा |
| (IV) | 20 किग्रा | + | 5 किग्रा | = | |

**प्रश्न 3.** एक दुकानदार ग्राहक को 15 किग्रा शक्कर 5 किग्रा चावल व 2 किग्रा दाल देता है तो बताओ ग्राहक कुल कितने वज़न का सामान खरीदता है ?

**प्रश्न 4.** दुकानदार 400 ग्राम की वस्तु को तोलने के लिए 100 ग्राम के कितने बाट तराजू में रखेगा।

**प्रश्न 5.** एक ग्राहक दुकान से 5 किग्रा शक्कर का थैला लेकर चलता है। रास्ते में थैला फटने पर 2 किग्रा शक्कर बिखर जाती है। थैले में कितने किग्रा शक्कर बचेगी ?

**प्रश्न 6.** एक बोरे में 50 किलोग्राम गेहूँ है तो 5 किलोग्राम गेहूँ के कितने छोटे थैले बनेंगे।

**प्रश्न 7.** 20 किलोग्राम अंगूर को 5 डिब्बो में बराबर रखने पर प्रत्येक डिब्बे में कितने किलोग्राम अंगूर आएँगे।